अंचल अधिकारी का कार्यालय, मानगो।

पत्रांकः- 200

प्रेषक,

अंचल अधिकारी
मानगो।

सेवा में,

कार्यपालक पदाधिकारी
मानगो नगर निगम,
जमशेदपुर।

मानगो, दिनांक 17/2/2020

विषयः- मो0 शाकीर हुसैन द्वारा धारित भूमि का सत्यापन करने के सम्बन्ध में।

प्रसंगः- आपका पत्रांक- 187 दिनांक- 03-02-2020

महाशय,

उपर्युक्त विषयक एवं प्रसंगाधीन पत्र में वर्णित भूमि का जाँच राजस्व कर्मचारी एवं अंचल निरीक्षक से कराया गया। जाँचोपरान्त प्रतिवेदित किया गया है कि मौजा- अधिसूचित क्षेत्र मानगो, वार्ड संख्या- 9, खाता सं0- 246, प्लॉट नं0- 567 रकवा 5.8 डिसमील भूमि नामान्तरण मुकदमा संख्या- 335/1997-98 द्वारा नामान्तरण स्वीकृति के पश्चात् पंजी ॥ के भाग वर्तमान 1 पृष्ठ संख्या- 167 पर शाकीर हुसैन के नाम से जमाबन्दी कायम है। वर्ष 2019-20 तक लगान भुगतान किया गया है। उक्त भूमि पर आवेदक का दखल कब्जा है। उक्त भूमि C.N.T 46 के अन्तर्गत नहीं आता है तथा हाल सर्वे 1979 में यह भूमि नगेन्द्रनाथ धारा पिता हीरालाल धारा के नाम पर दर्ज है । उक्त वर्णित भूमि किसी विभाग द्वारा अर्जित नहीं है। भूमि नक्शा पारित योग्य है।

जाँच प्रतिवेदन आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विश्वासभाजन,

17/2/20

अंचल अधिकारी

मानगो